आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 /2025 अनवान ***राजाराम व अन्य बनाम टमूदेवी वगैरा***

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30.01.25	वकील अपीलांट्स एवं रेस्पो0सं0 1 की ओर से केवियटर अधिवक्ता उपस्थित। उक्त अपील राजस्थान राज0 भू राजस्व अधिनियम की धारा 76 के तहत उपखण्ड अधिकारी जसवंतपुरा (जालोर) द्वारा राजस्व अपील सं0 01/2024 में पारित आदेश दिनांक 16.1.25 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है। अपील के साथ स्थगन प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया। दौरान सुनवाई वकील अपीलांट द्वारा "प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो करने" का प्रस्तुत कर, प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दौहराते हुए मुख्यतः यह निवेदन किया कि इस वाद की विषयवस्तु के संबंध में अपीलार्थीगण एवं रेस्पोडेंटगण के बीच आपसी समझाईश से लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। अतः अपीलार्थीगण उक्त अपील को आगे चलाना नही चाहते है तथा अपील जरिये विड्रो खारिज कराना चाहते है। अतः वकील अपीलांट्स द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलांट्स की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारिज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। (हस्ताक्षर) **(अजीत सिंह राजावत)** अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	